भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्नि संख्याय 3844**

**16 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न**

**अनाजों की खरीद**

**3844. श्री गौतम गंभीर:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान अनाजों की खरीद हेतु तय किए गए और प्राप्त किए गए लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान निजी व्यापारियों द्वारा राज्य-वार कितनी मात्रा में अनाज खरीदा गया है;

(ख) क्या सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) हेतु बाजार दर पर अनाजों की खरीद का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने कमी को पूरा करने के लिए पीडीएस हेतु बाजार दर पर अनाज खरीदने के लिए कोई नीति बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा किसानों को उनके उत्पादों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तघर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्यन मंत्री**

**(श्री दानवे रावसाहेब दादाराव)**

**(क):** देश भर में भारतीय खाद्य निगम और राज्यर एजेंसियों के माध्यम से धान और गेहूं को मूल्यं समर्थन प्रदान करने का दायित्व खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग का है।

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान चावल और गेहूं के अनुमान तथा खरीद का राज्यवार ब्यौरा क्रमशः **अनुबंध-1** और **अनुबंध-2** में दिया गया है।

यह विभाग निजी व्यापारियों द्वारा की गई खाद्यान्नों की खरीद का रिकार्ड नहीं रखता है।

**(ख):** जी नहीं।

**(ग):** जी नहीं।

**.......2/-**

(घ): यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसानों को गेहूं और धान के लिए लाभकारी मूल्य प्राप्त हों , निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:-

i) प्रत्येक विपणन मौसम की शुरुआत से पहले भारत सरकार का खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग उत्पादन तथा बाजार की स्थिति की संभावनाओं के आधार पर न्यूमतम समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु गेहूं और धान/चावल की उपलब्धता का आकलन करने भारतीय खाद्य निगम , राज्य सरकार के अधिकारियों तथा अन्य पक्षकारों के साथ एक विचार-विमर्श बैठक का आयोजन करता है।

ii) विवरण पत्रों, बैनरों, साइन बोर्डों, रेडियो, टीवी तथा मुद्रित तथा इलेक्ट्रॉभनिक प्रचार माध्यमों में विज्ञापनों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रचालनों का व्यापक प्रचार किया जाता है।

iii) किसानों को गुणवत्ता विनिर्दिष्टियों और खरीद प्रणाली आदि के बारे में जानकारी दी जाती है , ताकि किसान विनिर्दिष्टियों के अनुरूप अपना उत्पाद सुगमतापूर्वक ला सकें।

iv) संबंधित राज्य सरकार की एजेंसियों/भारतीय खाद्य निगम द्वारा उत्पादन , विपणन योग्य अधिशेष, किसानों की सुविधा और अन्य संभार तंत्र/बुनियादी ढांचे जैसे भंडारण और ढुलाई की उपलब्धता आदि को ध्यान में रखकर खरीद केंद्र खोले जाते हैं। किसानों की सुविधा के लिए मौजूदा मंडियों और डिपुओं/गोदामों के अलावा प्रमुख स्थानों पर बड़ी संख्या में अस्थायी खरीद केंद्र भी खोले जाते हैं।

******

**अनुबंध-1**

## लोक सभा में दिनांक 16.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3844 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

## चावल के अनुमान और खरीद

**(आंकड़े लाख टन में) # दिनांक 08.07.2019 की स्थिति के अनुसार**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | खरीफ विपणन मौसम 2015-16 | | खरीफ विपणन मौसम 2016-17 | | खरीफ विपणन मौसम 2017-18 | | खरीफ विपणन मौसम 2018-19 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुमान | खरीद | अनुमान | खरीद | अनुमान | खरीद | अनुमान | खरीद |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | | | | | | | | |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 36.70 | 43.36 | 42.00 | 37.24 | 43.00 | 40.00 | 52.54 | 45.65 |
| 3 | तेलंगाना | 24.30 | 15.79 | 30.00 | 35.96 | 34.00 | 36.18 | 45.00 | 51.86 |
| 4 | असम | 0.50 | 0.42 | 1.00 | 0.47 | 1.09 | 0.35 | 1.00 | 0.72 |
| 5 | बिहार | 20.00 | 12.23 | 20.00 | 12.34 | 12.00 | 7.93 | 8.00 | 9.49 |
| 6 | चंडीगढ़ | | 0.16 | | 0.13 | | 0.14 | | 0.13 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 36.00 | 34.42 | 35.00 | 40.22 | 48.00 | 32.55 | 40.00 | 40.80 |
| 8 | दिल्ली | | 0.00 | | | | | | |
| 9 | गुजरात | | 0.01 | | 0.01 | | 0.01 | | 0.09 |
| 10 | हरियाणा | 23.45 | 28.61 | 29.00 | 35.83 | 30.00 | 39.92 | 39.75 | 39.41 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | | 0.00 | | | | | | |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | | 0.07 | | 0.08 | | 0.13 | | 0.09 |
| 13 | झारखंड | 3.00 | 2.06 | 2.72 | 1.39 | 2.50 | 1.43 | 2.50 | 1.53 |
| 14 | कर्नाटक | 0.95 | 0.55 | 0.50 | | 1.00 | | 2.00 | |
| 15 | केरल | 3.70 | 3.82 | 2.22 | 3.08 | 2.32 | 3.29 | 3.70 | 4.65 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 10.50 | 8.49 | 9.00 | 13.14 | 13.00 | 10.96 | 13.00 | 13.95 |
| 17 | महाराष्ट्र | 2.10 | 2.30 | 3.25 | 3.09 | 4.34 | 1.79 | 5.50 | 5.72 |
| 18 | नागालैंड | | 0.00 | | | | | | |
| 19 | ओडिशा | 36.00 | 33.69 | 31.00 | 36.30 | 37.00 | 32.87 | 37.00 | 43.83 |
| 20 | पुडुचेरी | | 0.00 | | | | | | |
| 21 | पंजाब | 82.00 | 93.50 | 94.50 | 110.52 | 115.00 | 118.33 | 114.00 | 113.34 |
| 22 | त्रिपुरा | | | | | | | | 0.07 |
| 23 | राजस्थान | | 0.00 | | | | | | |
| 24 | तमिलनाडु | 13.50 | 11.92 | 15.00 | 1.44 | 15.00 | 10.11 | 14.80 | 12.08 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 27.50 | 29.10 | 33.50 | 23.54 | 37.00 | 28.75 | 33.00 | 32.33 |
| 26 | उत्तराखंड | 4.70 | 5.98 | 6.00 | 7.06 | 7.00 | 0.38 | 5.00 | 4.62 |
| 27 | पश्चिम बंगाल | 24.80 | 15.68 | 25.00 | 19.23 | 27.00 | 16.73 | 31.00$ | 17.16 |
| 28 | अन्य | 0.30 | 0.00 | 0.31 | | 0.75 | | 0.25 | |
| | **अखिल भारतीय योग :** | **350.00** | **342.18** | **380.00** | **381.06** | **430.00** | **381.85** | **448.04** | **437.52** |

# खरीफ विपणन मौसम 2018-19 अभी चल चल रहा है।

*****

**अनुबंध-2**

**लोक सभा में दिनांक 16.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3844 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध**

**गेहूं के अनुमान और खरीद**

(आंकड़े लाख टन में) # दिनांक 08.07.2019 की स्थिति के अनुसार

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | रबी विपणन मौसम 2016-17 | | रबी विपणन मौसम 2017-18 | | रबी विपणन मौसम 2018-19 | | रबी विपणन मौसम 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुमान | खरीद | अनुमान | खरीद | अनुमान | खरीद | अनुमान | खरीद |
| 1 | पंजाब | 110.00 | 106.49 | 115.00 | 117.06 | 119.00 | 126.92 | 125.00 | 129.12 |
| 2 | हरियाणा | 65.00 | 67.52 | 75.00 | 74.32 | 74.00 | 87.84 | 85.00 | 93.20 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | 35.00 | 7.97 | 30.00 | 36.99 | 40.00 | 52.94 | 50.00 | 37.00 |
| 4 | उत्तराखंड | 1.00 | 0.02 | 1.50 | 0.02 | 1.00 | 1.10 | 2.00 | 0.42 |
| 5 | मध्य प्रदेश | 68.00 | 39.92 | 85.00 | 67.25 | 67.00 | 73.13 | 75.00 | 67.25 |
| 6 | गुजरात | 0.85 | 0.00 | 0.50 | 0.07 | 0.50 | 0.37 | 0.50 | 0.05 |
| 7 | राजस्थान | 18.00 | 7.62 | 17.50 | 12.45 | 16.00 | 15.32 | 17.00 | 14.11 |
| 8 | बिहार | 7.00 | 0.00 | 5.00 | 0.00 | 2.00 | 0.18 | 2.00 | 0.03 |
| 9 | झारखंड | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | कर्नाटक | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 11 | दिल्ली | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 13 | महाराष्ट्र | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 14 | ओडिशा | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 15 | हिमाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 0.01 |
| 16 | चंडीगढ़ | 0.00 | 0.07 | 0.00 | 0.08 | 0.00 | 0.14 | 0.00 | 0.12 |
| 17 | पश्चिम बंगाल | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | छत्तीसगढ़ | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 19 | आंध्र प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | असम | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 21 | तेलंगाना | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 22 | अन्य | 0.15 | 0.00 | 0.50 | 0.00 | 0.50 | 0.00 | 0.50 | 0.00 |
| | **अखिल भारतीय योग** | **305.00** | **229.62** | **330.00** | **308.24** | **320.00** | **357.95** | **357.00** | **341.32850** |

******